प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 14.08.2024

➢ **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 14.08.2024 को थाना शाहुपर पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा एक शातिर अभियुक्त इदरीश पुत्र जिलेदीन निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को सोरम गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-267/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 14.08.2024 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा 1- वाद सं0- 573/9/2022 धारा 379/411 भादवि में वारन्टी अभियुक्त साकिर पुत्र जाहिद त्यागी निवासी नौशाद मेम्बर के पास सरवट फाटक के पास थाना सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर 2- वाद सं0- 3342/2022 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट में वारन्टी अभियुक्ता ममता पत्नी मनोज कुमार नि0 गली न0 04 देवेन्द्र कैल एडवोकेट सरकूलर रोड थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना जानसठ पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 अभियुक्त घायल सहित 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से अवैध शस्त्र, मोटरसाईकिल तथा 18100/- रुपये बरामद-**

दिनांक 14.08.2024 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा थाना जानसठ पर पंजीकृत अभियोग 170/2024 धारा

309(6),311,126(2),61(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए ढ़ांसरी रोड़ पर दौराने पुलिस मुठभेड़ 03 शातिर लुटेरे अभियुक्तगण 1- नईम अब्बास पुत्र इसरत अब्बास निवासी ग्राम खिरवा जलालपुर थाना सरधना, मेरठ (घायल) 2- सैफ उर्फ रजा अली पुत्र अंसार निवासी ग्राम गढ़ी थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर 3- शावेज पुत्र अली अब्बास निवासी ग्राम खिरवा जलालपुर थाना सरधना, मेरठ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचा मय 06 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर, एक प्लसर मोटरसाईकिल यूपी15 एयू 6205, 18100/- रूपये नगद (मु0अ0सं0- 170/2024 से सम्बन्धित) बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 181/2024 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है।